

एक नजर में



### थाना प्रभारी ने सड़क पर बैठी गायों को लगाए रेडियम रिफलेक्टर

**गुना।** गुना एसपी संजीव कुमार सिन्हा के निर्देश पर जिले में वाहन दुर्घटनाओं में कमी लाए जाने के लिए पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में हाईवे, सड़कों आदि पर गौवंश के बैठे होने अथवा विचरण करने से रात्रि में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जिले के मधुसूदनगढ़ थाना प्रभारी एसआई संदीप यादव द्वारा अपनी टीम एवं स्थानीय गौसेवकों के साथ कस्बे में निकलने वाले स्टेट हाईवे एवं आसपास के रास्तों पर बैठे अथवा विचरण कर रहे गौवंश के गले में रिफलेक्टर वाले पट्टे पहनाए गए।

### फंदे पर लटका मिला प्रेमी युगल

**गुना।** चांचौड़ा थाना क्षेत्र के मेरियाखेड़ी खुर्द गांव में एक प्रेमी युगल का शव पेड़ पर लटका मिला हुआ है। आशंका जताई जा रही है कि दोनों ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है।
मेरियाखेड़ी निवासी युवक नेसकला निवासी युवती से प्रेम करता था। युवती का विवाह हो चुका था, जिसके बाद दोनों परेशान रहने लगे। विवाह के बाद युवती अपने पति के घर नहीं जाना चाह रही थी। एक दिन पहले ही युवक युवती को अपने घर ले आया और अचानक दोनों का शव मेरियाखेड़ी गांव के ही खेत में पेड़ पर लटके हुए देखे गए। जिसके बाद चांचौड़ा थाने की टीम मौके पर पहुंची और मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है।

# पुलिस कस्टडी में जान गंवाने वाले देवा पारदी के भाई ने की आत्महत्या

## अस्पताल में पारदी समुदाय का आरोप-देवा को न्याय नहीं मिलने से आहत था सिंधबाज पारदी

नवभारत न्यूज

**गुना 22 अगस्त का। धरनावदा थाना क्षेत्र के छोटी कनारी निवासी देवा पारदी की पुलिस कस्टडी में हुई मौत का मामला अभी शांत भी नहीं हुआ था कि गुरुवार को देवा के भाई सिंधबाज पारदी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सिंधबाज पारदी के परिजनों का दावा है कि उसे देवा की मौत का सदमा लगा था और न्याय नहीं मिलने की वजह से सिंधबाज तनावग्रस्त होकर सिंधबाज ने अपना जीवन भी समाप्त कर लिया है।**

बताया जा रहा है कि सिंधबाज पारदी का शव गुरुवार सुबह उसके गांव छोटी कनारी में स्थित एक खेत में बने आवास में फंदे पर लटकाया गया है। पुलिस की मदद से सिंधबाज के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया।

यहां सिंधबाज पारदी के परिजनों ने पुलिस के साथ-साथ शासन और प्रशासन पर आरोप लगाया कि 14 जुलाई को पुलिस कस्टगी में हुई देवा पारदी की मौत के मामले में उन्हें इंसाफ नहीं मिला है। इसकी वजह से पूरा



परिवार मानसिक प्रताडऩा का सामना कर रहा है। सिंधबाज अपने भाई देवा की मौत से इतना दुखी हो गया था कि उसने 4 दिनों से खाना नहीं पाया।

बीते दिन ही परिवार की महिलाएं भोपाल गई थी, आला अधिकारियों से देवा की मौत के दोषियों पर कार्रवाई करने की गुजारिश की गई लेकिन पुलिस और प्रशासन से सहयोग नहीं मिल सका। देवा पारदी की मां अनुसरा बाई ने दावा किया है कि उन्होंने भोपाल से वापस लौटने पर सिंधबाज को बताया कि देवा को न्याय नहीं मिल पा रहा है, जिससे गमजदा होकर सिंधबाज ने आत्महत्या कर ली।

इस मामले में पारदी समुदाय के आरोपों का समर्थन करते हुए शहरी मजदूर संगठन के पदाधिकारी भी जिला अस्पताल पहुंच गए पुलिस पर समुदाय को परेशान व प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। कुल मिलाकर सिंधबाज पारदी की मौत की वजह से देवा पारदी मामला एक बार फिर चर्चाओं में है। इससे पहले पारदी समुदाय ग्वालियर में आईजी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन कर चुका है, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को आवेदन दिए जा चुके हैं और भोपाल में डीजीपी कार्यालय सहित कई मंत्रियों को इस मामले से अवगत कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने मांग लगातार की जा रही है।

### अब तक नहीं मिली देवा की पोस्टमार्टम रिपोर्ट

सिंधबाज पारदी की मौत के बाद जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम का इंतजार कर रहीं पारदी महिलाओं ने आरोप लगाया कि पुलिस और प्रशासन देवा की मौत कैसे हुई इसका रहस्य दबाना चाहते हैं। इसलिए घटना के लगभग एक महीने बाद तक उन्हें पैनल द्वारा किए गए पोस्टमार्टम की रिपोर्ट तक उपलब्ध नहीं कराई गई। इससे स्पष्ट पता चलता है कि पुलिस द्वारा देवा पारदी की मौत की जांच को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। इस दौरान भोपाल से आए सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ताओं ने पारदी समुदाय का समर्थन करते हुए पूरी तरह पुलिस और प्रशासन को जिम्मेदार ठहराया।

### क्या हुआ था 14 जुलाई को

धरनावदा थाना क्षेत्र के छोटी कनारी निवासी देवा पारदी (22) और उसके चाचा गंगाराम पारदी को धरनावदा पुलिस की एक टीम ने 13 जुलाई को गिरफ्तार किया था। इसके बाद देवा को म्याना पुलिस की हिरासत में सौंप दिया गया। पुलिस के मुताबिक देवा और गंगाराम पर म्याना थाना क्षेत्र के भिडऱा गांव में हुई चोरी की एक वारदात को अंजाम देने का संदेह था। पूछताछ के बाद दोनों ने वारदात स्वीकार कर ली थी और रविवार देर शाम उन्हें चोरी किए गए माल की बरामदगी के लिए ले जाया जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में देवा ने सीने में दर्द की शिकायत की तो उसे सबसे पहले म्याना अस्पताल ले जाया गया। लेकिन वहां चिकित्सक मौजूद नहीं मिले, इसलिए पुलिस जिला अस्पताल ले आई। यहां करीब 45 मिनट तक उपचार करने के बाद देवा ने दम तोड़ दिया। इस घटना की जानकारी मिलते ही देवा के परिजन जिला अस्पताल पहुंच गए। देवा की मां ने आरोप लगाया कि उनके पुत्र की पीट-पीटकर हत्या की गई है।



## कलेक्टर ने की शिक्षा विभाग से संबंधित कार्यों की समीक्षा

नवभारत न्यूज


**गुना।** कलेक्टर डॉ. सतेन्द्र सिंह द्वारा गुरुवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पूर्व बैठक के कार्यवाही विवरण पर चर्चा की गई। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी बीईओ, बीआरसी सतत रूप से विद्यालयों का निरीक्षण करें, प्रति माह किए गए निरीक्षण की जानकारी प्रस्तुत करें। उन्होंने छात्र-छात्राओं के समग्र एनरोल्मेंनट की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रतिमाह मध्याह्न भोजन अनुश्रवण समितियों की बैठकें अनिवार्य रूप से हो।
बैठक में उच्च कक्षाओं में बच्चों के ड्रॉप आउट रेट की चर्चा की गई। यू-डाइस पोर्टल पर बच्चों एवं शिक्षकों के अपडेशन की जानकारी प्राप्तत की। कलेक्टर डॉ. सिंह ने निर्देशित किया कि अशासकीय शालाओं का पुन~ सत्याटन कराया जाए। बैठक में विभागीय कार्यो जैसे निशुल्क साइकिल वितरण, निशुल्क पुस्तक वितरण, छात्रावासों की जानकारी, प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण (मध्योन्ह भोजन), सीएम राइज स्कूसल, पीएम स्कूल, विभाग अंतर्गत किए जा रहे निर्माण कार्यो की समीक्षा की गई। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी सीएस सिसोदिया, परियोजना समन्वमयक जिला शिक्षा केंद्र आरके शर्मा सहित सभी बीईओ-बीआरसी एवं अन्य विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे।

## किराना दुकान में सेंध लगाने वाला युवक गिरफ्तार, नगदी और चांदी के सिक्के बरामद

नवभारत न्यूज

**गुना। कैंट थाना पुलिस ने गोपालपुरा क्षेत्र की एक किराना दुकान में 14-15 अगस्त की रात सेंधमारी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी युवक के कब्जे से भारी मात्रा में नगद राशि और चांदी के सिक्के बामद किए हैं।**

पुलिस के मुताबिक फरियादी सुनील रघुवंशी निवासी गोपालपुरा कैंट गुना द्वारा थाने में रिपोर्ट लिखाई थी कि 14-15 अगस्त की रात में कोई व्यक्ति उसकी गोपालपुरा स्थित किराने की दुकान में घुसकर दुकान के अंदर गल्ले में रखे चांदी के सिक्के, चिल्लर व नगदी चोरी कर ले गया है। सुबह उसके द्वारा दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे चैक किए तो



कैमरों में गोपालपुरा निवासी चंद्रभान राही दुकान से चोरी करते हुए दिखाई दे रहा था। चोरी के प्रकरण के आरोपी चंद्रभान राही की कैंट थाना पुलिस द्वारा निरंतर तलाश की गई। इसके लिए अपना मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया और दबिश दी गई। आरोपी की तलाश के सिलसिले में 22 अगस्त को मुखबिर की सूचना पर कैंट पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई की गई और आरोपी चंद्रभान उर्फ चंदू पुत्र प्रेमनारायण राही (32) निवासी गोपालपुरा कैंट को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 5 हजार कीमत के चांदी के 10 सिक्के और 13 हजार 80 रुपए नगदी बरामद कर लिए हैं।

### जिले में अब तक 859 .4 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**गुना।** जिले में 01 जून से अब तक 859.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जो कि सामान्य वर्षा का 81.6 प्रतिशत है। जिले में गत वर्ष इसी अवधि में 537.1 औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले की वर्षा ॠतु में सामान्य औसत वर्षा 1053.5 मिलीमीटर है।
अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 01 जून से 22 अगस्तष 2024 सुबह 8 बजे तक जिले के वर्षामापी केन्द्र गुना में 846.5 मिलीमीटर, बमौरी में 935.0, आरोन में 580.0, राघौगढ़ में 1144.0, चांचौड़ा में 818.0, कुम्भराज में 1059.0 तथा वर्षा मापी केन्द्र मक्सू1दनगढ़ में 635.0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में बीते 24 घंटे में 3.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस अवधि में वर्षा मापी केन्द्र गुना में 0.3 मिमी दर्ज है।

## अन्नपूर्णा कॉलोनी में हुई चोरी की वारदात का खुलासा, जेवर बरामद

नवभारत न्यूज

**गुना। शहर की अन्नपूर्णा कॉलोनी में किराए के मकान में हुई चोरी की सनसनीखेज वारदात का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। वारदात के दौरान चोरी हुए आभूषण भी बरामद कर लिए गए हैं। पुलिस के मुताबिक फरियादिया रवीना पत्नि सुशील यादव निवासी मुंगावली जिला अशोकनगर हाल अन्नपूर्णा कॉलोनी द्वारा गुना कोतवाली में रिपोर्ट लिखवाई थी कि वह गुना की अन्नपूर्णा कॉलोनी में किराए पर कमरो लेकर रह रही थी 17 जुलाई को वह अपने कमरे का ताला लगाकर मुंगावली चली गई।**

13 अगस्त को वापस आई तो उसके कमरे का ताला टूटा हुआ था। कमरे का सामान अस्त-व्यस्त मिला और कमरे में रखे सोने के जेवर एक मंगलसूत्र, एक जोड़ कान के टॉप्स व 4 बाली गायब मिलीं, जिन्हें कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। जिसपर अज्ञात आरोपी के खिलाफ कोतवाली में केस दर्ज किया गया। चोरी के उपरोक्त प्रकरण में कोतवाली पुलिस द्वारा सक्रियता से कार्रवाई करते हुए प्रकरण के अज्ञात आरोपी की लगातार तलाश की गई। पतारसी के क्रम में 21 अगस्त को मुखबिर की सूचना पर उक्त चोरी को अंजाम देने में संदेही सूरज पुत्र राम सिंह बरार (19) निवासी दुर्गा कॉलोनी गुना थाना कोतवाली को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर उसके द्वारा अपने अन्य दो साथियों के साथ मिलकर उक्त चोरी करना स्वीकार कर लिया। पुलिस द्वारा आरोपी को प्रकरण में गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही से चोरी गया सोने का मंगलसूत्र एवं एक जोड़े सोने के टॉप्स कीमती करीब 70 हजार रुपए के बरामद कर आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। प्रकरण के शेष दोनों आरोपियों की भी पुलिस द्वारा पहचान कर ली गई है, जिनके पीछे पुलिस टीम लगी हुई है और उन्हें भी शीघ्र ही गिरफ्तार कर उनसे चोरी का शेष माल बरामद कर लिया जाएगा।

## उत्साह के साथ मनाई जाएगी बलराम जयंती, निकाली जाएगी वाहन रैली



**गुना।** 25 अगस्त हलछठ को भगवान बलराम जी के जन्म महोत्सव के रूप में धूमधाम से मनाने की लिए चल रही तैयारी को लेकर शहर के स्टेशन रोड स्थित स्थानीय होटल में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें बलराम जयंती के अवसर पर वाहन रैली निकालने का निर्णय लिया गया। धाकड़ महासभा के जिला अध्यक्ष मनोज धाकड़ ने बताया कि वाहन रैली प्रताप छात्रावास से शुरू होकर गायत्री मंदिर हनुमान चौराहा, हाट रोड, सदर बाजार, लक्ष्मीगंज, गुरूद्वारा, जयस्तम्भ चौराहा सहित नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए स्टेशन रोड स्थित होटल नवलोक पहुंचेगी। जहां पर रैली का समापन किया जाएगा। भगवान बलराम जी का पूजन अर्चना तथा महाआरती की जाएगी। इस अवसर पर समाज के जिले भर से पधारे हुए सभी लोगों की एक सभा भी आयोजित की जाएगी। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री सुरेश रांठखेड़ा जी उपस्थित रहेंगे और समाज के वरिष्ठजन भी अपने-अपने विचार प्रकट करेंगे साथ ही समाज के ऐसे लोगों को जिन्होंने समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए हैं सम्मानित किए जाएंगे।

### खेत में चारा काट रही महिला से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**गुना।** जामनेर थाना क्षेत्र में 4 अगस्त को खेत में चारा काट रही महिला से दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। पुलिस के मुताबिक दुष्कर्म के आरोपी ढबल्या मीना की गिरफ्तारी के लिए जामनेर थाना पुलिस द्वारा अपना मुखबिर तंत्र सक्रिय कर दबिश दी जा रही थी। जिसके परिणाम स्वरूप 22 अगस्त को आरोपी को ढबल्या के संबंध में मुखबिर से मिली सूचना पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

## साबरमती ट्रेन से कटा उत्तरप्रदेश निवासी युवक का पैर



नवभारत न्यूज

**गुना। गुना रेलवे स्टेशन के पास बांसखेड़ी आउटर पर गुरुवार को एक दर्दनाक और हृदय विदारक हादसा सामने आया है। ट्रेन से सफर कर रहे एक युवक का पैर दुर्घटनावश ट्रेन के पहियों के नीचे आ गया। जब तक यात्री युवक को बचाने का प्रयास करते, तब तक उसका पैर कटकर अलग हो चुका था। पुलिस ने घायल युवक को गुना जिला अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है।**

जानकारी के मुताबिक उत्तरप्रदेश के अम्बेडकर जिला निवासी दीपांशु गुप्ता साबरमती एक्सप्रेस से अहमदाबाद जा रहे थे। गुरुवार दोपहर होने से पहले ट्रेन गुना रेलवे स्टेशन से पहले बांसखेड़ी आउटर पर रुककर अपने सिग्नल कर इंतजार कर रही थी। बोगियों में गर्मी लगने की वजह से दीपांशु सहित कई यात्री ट्रेन से नीचे उतरकर पटरियों के किनारे टहलने लगे। थोड़ी देर बाद जैसे ही ट्रेन गुना रेलवे स्टेशन की ओर बढ़ी आनन-फानन में दीपांशु ने बोगी में चढऩे का प्रयास किया, लेकिन फिसलने की वजह से उनका एक पैर पहिए के नीचे चला गया और लगभग घुटने तक कटकर अलग हो गया। हादसा इतना वीभत्स था कि इसे देखने वाले यात्रियों के बीच चीख-पुकार मच गई। लोगों ने तुरंत रेलवे और एम्बुलेंस को सूचना दी। जिसके बाद दीपांशु को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। बता दें कि दीपांशु गुप्ता मध्यम निम्नवर्गीय परिवार से ताल्लुक रखता है। वह भारतीय सेना में शामिल होने की तैयारी कर रहा था। लेकिन अपना पैर खो देने की वजह से दीपांशु का सपना अब साकार नहीं हो सकेगा, जिसका गम दीपांशु की आंखों में साफ देखा जा रहा है। वह अस्पताल में चिकित्सकों के अलावा मीडियाकर्मियों से बात करते हुए अपने भविष्य को लेकर कई बार भावुक हुआ। हालांकि चिकित्सकों ने उसे दिलासा दिया और किसी तरह उसे संभालने का प्रयास किया गया।

**तैयारी** — महिलाओं-बेटियों की भागीदारी पर दिया गया जोर

# जौहर पुण्य स्मृति दिवस कार्यक्रम को लेकर बैठक आयोजित

नवभारत न्यूज

**गुना 22 अगस्त का । आगामी 25 अगस्त स्थानीय प्रीतम वाटिका में होने जा रहे जौहर पुण्य स्मृति दिवस कार्यक्रम को लेकर कार्यक्रम संयोजक विश्वनाथ सिंह सिकरवार की अध्यक्षता में बैठक सपन्न हुई। बैठक में अधिक से अधिक राजपूत समाज की बच्ची और महिलाओं के साथ ही हिन्दू महिलाए ओर बच्चियों की भागीदारी कार्यक्रम में अधिक से अधिक हो इस पर जोर दिया गया।**

आयोजन समिति के सदस्य एडवोकेट कुलदीप सिंह तोमर ने बताया लगातार हो रही लव जिहाद, महिला अत्याचार की घटनाओं के देखते हुए क्षत्रिय समाज द्वारा 25 अगस्त को जौहर पुण्य स्मृति दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। इसमें देश की



जानी-मानी प्रखर राष्ट्रवादी वक्ता बहन काजल हिंदुस्तानी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अर्चना बल्लू चौहान करेंगी। विशिष्ट अतिथि तिष्यरक्षिता प्रशांत सिंह धरनावदा, प्रतीक्षा सिंह सिसोदिया, हेमकुंवर गोंदलपुर, अर्चना जादौन मौजूद रहीं। कार्यक्रम मुख्य रूप से दो उद्देश्यों को लेकर किया जा रहा है जिसमें पहला उद्देश्य है कि इस राष्ट्र को बचाए रखने में हमारी पूर्वज वीरांगनाओं का कितना योगदान रहा है।

इस बात से यह नई जनरेशन अवगत हो इन्हें बताया जा सके रानी कर्णावती के बारे में, रानी पद्मावती के बारे में, रानी नायिका देवी के बारे में, रानी हाडी के बारे में, रानी झांसी के बारे में, रानी दुर्गावती के बारे में, रानी चेन्नम्मा और रानी रूद्रमा के बारे में और साथ ही साथ वर्तमान में ऐसे असामाजिक तत्व जो महिलाओं और बच्चियों के प्रति अपराधिक सोच रखते हैं। ऐसे तत्वों से ऐसे तत्वों से महिलाओं और बच्चियों को कैसे सुरक्षित किया जाए तथा सोशल मीडिया, बॉलीवुड, ओटीटी प्लेटफॉर्म और टीवी सीरियल कैसे हमारी बच्चियों को महिलाओं को भ्रमित कर रहे हैं उनके दिमाग में जहर भर रहे हैं। बैठक में प्रमुख रूप से आयोजन समिति के लला सिंह तोमर, सुनील सिंह तोमर, राजेन्द्र सिंह सिकरवार, शेरा राजावत, राम सिंह राठौड़, धर्मेश सिंह पवैया, ललित सिंह सिसोदिया, राम सिंह राठौड़, प्रशांत पवैया, प्रबल प्रताप सिंह भदोरिया, रंजीत गौतम माखन सिंह तोमर, भूपेंद्र भदौरिया म्याना, अनिरुद्ध सिंह सेंगर, आनंद सिंह जादौन, मनोज सिंह भदोरिया सहित अनेक राजपूत समाज के युवा एवं वरिष्ठ लोग उपस्थित रहे।

## जिले में 26 डिलीवरी प्वाइंट संचालित, सभी उपलब्ध हैं सुविधाएं

नवभारत न्यूज

**गुना। गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागृह में कलेक्टर डॉ. सतेन्द्र सिंह द्वारा स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विभागीय कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई।**

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर द्वारा डिलीवरी प्वाइंट, अनमोल ऐप पर प्रेगनेंट वूमेन रजिस्ट्रेशन, एम्बुलेंस की उपलब्धता, हाई रिस्क मैनेजमेंट प्रेगनेंट वूमेन पर विस्तृत समीक्षा की गई। सीएमएचओ श्री राजकुमार ॠषिश्वर द्वारा जानकारी दी गई कि जिले में 26 डिलीवरी प्वाइंट वर्तमान में क्रियाशील है। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि उक्त सभी डिलीवरी प्वाइंट पर प्रसव के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हों, इस पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने गंभीर एनेमिक महिलाओं की विशेष देखभाल, उनके पोषण पर



### स्वास्थ्य विभाग की बैठक में सामने आई जानकारी

ध्यान दिया जाए। सभी सीएचओ की परफॉर्मेंस बेस्ड मॉनिटरिंग की जाए। उन्होंने एसएनसीयू में बच्चों की डेथ रेट अधिक होने पर चिंता व्यक्त कर कहा कि इस ओर विशेष ध्यान देकर कमी लाई जाए। टीकाकरण में चांचौड़ा की प्रगति कम होने पर कहा कि विशेष कैंप लगाकर टीकाकरण कार्य पूर्ण करें। उन्होंने दस्तक अभियान, प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना, एनआरसी, राष्ट्रीय मलेरिया, ब्लाइंडनेस कार्यक्रम की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये। प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत पीव्हीटीजी समूह के आयुष्मान कार्ड बनाने के कार्य की प्रगति की समीक्षा की गई, कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने आयुष्मामन बनाने का कार्य 10 सितंबर 2024 तक पूर्ण करने निर्देश दिए। महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा के दौरान उन्हों ने पीएम जनमन योजना अंतर्गत बनाये जा रहे आंगनबाड़ी केन्द्रों में निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा की गई। उन्हों ने पोषण ट्रेकर ऐप के संबंध में भी समीक्षा की।